# सरला बिरला पब्लिक स्कूल
**महिलौंग, राँची**
पैरेन्ट ऑरिएन्टेशन पत्र (2024-25)
**कक्षा I – V**

Ref.: SBPS/24-25/2172 Date: 20.03.2024

**कुछ महत्वपूर्ण और ध्यान देने योग्य बातें:–**

1. कक्षा–I से V के लिए नए सत्र की शुरूआत **01.04.2024** को होगी।
   समय – आगमन–**08:55 am,** प्रस्थान–**2:45 pm.**
2. कृपया सभी पुस्तकों और कॉपियों को कवर करें और पुस्तक सूची के अनुसार उनपर नाम अंकित करें।
3. अपने बच्चे के सभी सामान पर नाम अंकित करें। (बैग, पेंसिल बॉक्स, बोतल इत्यादि)
4. कृपया यह ध्यान रखें कि आपका बच्चा नियमित रूप से स्कूल डायरी लेकर स्कूल आए।
5. कृपया स्कूल डायरी में दिए गए नियमों को ध्यान से पढ़ें और इन्हें पूरा करें।
6. कृपया स्कूल डायरी रोज देखें एवं उसपर हस्ताक्षर करें।
7. छात्र के प्रोफाइल में बार–बार बदलाव न करें। यदि यह आवश्यक हो तो स्कूल डायरी में दिए गए फॉरमैट का पालन करें।
8. छुट्टी के लिए और बस नंबर या बस स्टॉपेज में बदलाव के लिए स्कूल डायरी में दिए गए फॉरमैट का पालन करें। सत्र के बीच में बस सुविधा प्राप्त करने तथा वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।
9. परीक्षा के दौरान पूर्व सूचना के बिना कोई भी अवकाश पूर्णतः प्रतिबंधित है। दोबारा परीक्षा नहीं ली जाएगी। चिकित्सा कारण से छुट्टी के मामले में आवेदन के साथ डॉक्टर के प्रेस्क्रिप्शन एवं पैथोलॉजिकल रिपोर्ट की प्रतिलिपि संलग्न करें।
10. कक्षा I–II: कृपया सभी कॉपियों को स्कूल के पहले दिन (01.04.2024) जमा करें और सभी पुस्तकों को दूसरे दिन (02.04.2024) जमा करें। आपका सहयोग बहुत ही सराहनीय होगा।
11. कृपया नियमित रूप से कक्षा–कार्य कॉपियों की जाँच करें एवं उनपर हस्ताक्षर करें। अपने बच्चे को समय–तालिका के अनुसार बैग पैक करना सिखाएँ जिससे उनका स्कूल बैग भारी न हो। बच्चे शिक्षकों द्वारा बताई गई पुस्तकें ही लेकर आएँ।
12. अपने बच्चे की स्कूल डायरी में अनुपस्थिति रिकॉर्ड नियमित रूप से भरें।
13. कृपया बच्चे को साफ–सुथरे यूनिफॉर्म में स्कूल भेजें। छात्रों को प्रतिदिन आईडी कार्ड पहनना अनिवार्य है।
14. जब भी आप स्कूल आएँ, हमेशा अपने साथ अभिभावक पहचान पत्र रखें।
15. यदि किसी कारणवश पहचान पत्र खो जाता है तो क्लास टीचर या स्कूल ऑफिस में सूचित करें। 150 रुपए जमा करने के बाद दूसरा कार्ड प्रदान किया जाएगा।
16. बच्चों को प्रोत्साहित करें कि उनकी उपस्थिति शत–प्रतिशत हो। पूरे सत्र एवं प्रत्येक महीने में न्यूनतम 85% उपस्थिति अनिवार्य है। शत–प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। दिन की उपस्थिति के पात्र होने के लिए, बच्चे को मध्यान्तर तक स्कूल में रहना होगा।
17. लंच बॉक्स में खाने की वस्तु आवश्यक्ता से अधिक नहीं दें। कृपया हरी सब्जियों को प्राथमिकता दें। छात्र पारदर्शी पानी की बोतलें लेकर आएंगे।
18. प्रत्येक दिन लंच बॉक्स में मौसमी फलों के दो टुकड़े एवं अंकुरित अनाज देना अनिवार्य है, साथ में **दो नैपकिन**, चम्मच एवं काँटा भी दें।
19. अगर आपका बच्चा बीमार है तो उसे स्कूल न भेजें। इससे उसकी बीमारी और अधिक बढ़ सकती है। यदि आपका बच्चा स्कूल में अस्वस्थ महसूस करता है तो आपको सूचित किया जाएगा।
20. सत्र की शुरूआत में आपको पूरे सत्र में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। यह आपको घर पर स्कूल के काम को सुदृढ़ करने में मदद करेगा। कृपया इसे संभाल कर रखें और नियमित रूप से देखें।
21. सरला बिरला पब्लिक स्कूल एक नियमित अंतराल पर PTM आयोजित करता है। इस अवसर का लाभ उठाएँ व बच्चों को बताएँ कि स्कूल एक ऐसी शानदार जगह है जहाँ सीखने के लिए ढेरों अवसरों के साथ अच्छे लोगों की भरमार है।
22. PTM में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि यह आपके बच्चे की शैक्षणिक तथा सह–शैक्षणिक प्रगति से आपको अवगत कराता है। PTM के दिन आपके बच्चे को स्कूल यूनिफॉर्म पहनना अनिवार्य है।
23. कहानियाँ पढ़ना तथा सुनना दोनों ही बच्चे के विकास के लिए आवश्यक है। अपने बच्चे को उत्साह के साथ कहानियाँ सुनाएँ। उनसे महान व्यक्तियों के बारे में बात करें। पंचतंत्र की कहानियों और अन्य दूसरी नैतिक कहानियों के बारे में बच्चों को बताएँ।
24. बच्चों को कक्षा में घोषित '**बुक ऑफ द मंथ**' और प्रतिदिन समाचार–पत्र तथा अन्य अच्छी पत्रिकाएँ पढ़ना चाहिए।

25. **कक्षा <u>I–II-</u>** सहयोग करना एक अच्छा संस्कार है जो स्कूल के दिनों में विकसित होता है। अपने बच्चों को उनकी पढ़ी हुई नैतिक व प्रेरक कहानियों से संबंधित किताब देकर भेजें, जिसे वे अपने सहपाठियों से साझा करेंगे।
26. जब आपका बच्चा किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग कर रहा हो तो सतर्क और सावधान रहें। आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चा उपकरण का प्रयोग विवेकपूर्ण तरीके से और एक निश्चित समय सीमा के भीतर कर रहा है। उन्हें बातचीत में शामिल करें। उन चीज़ों के बारे में बात करें जो आप देखते और करते हैं। उनके विचारों को जानें और अपनी राय साझा करें। उनकी दैनिक गतिविधियों में शामिल हों। आप अपने बच्चों के इंटरनेट उपयोग पर नज़र रखने/जाँच करने के लिए 'गूगल फैमिली लिंक' जैसे पैरेंट कंट्रोल ऐप्स का उपयोग कर सकते हैं।
27. स्कूल डायरी में पीरिऑडिक टेस्ट शेड्यूल के बारे में बताया गया है। कृपया दिए गए पाठ्यक्रम एवं सारणी का पालन करें।
28. स्कूल डायरी में एक अवकाश सूची दी गई है। कृपया इसे ध्यान से देखें। किसी भी घोषित 'बंद' के दौरान कक्षाएँ स्थगित रहेंगी एवं इसकी सूचना आपको SMS या नोटिस के द्वारा दी जाएगी।
29. कृपया समय–समय पर अपने लिए भेजे गए सर्कुलर को पढ़ें तथा उनका अनुसरण करें। हमारे यहाँ नोटिस एसएमएस, गूगल क्लासरूम अथवा इमेल के जरिए भी भेजे जाते हैं इसलिए कृपया अपना सही मोबाइल नंबर एवं इमेल आइडी स्कूल को दें एवं फोन किए जाने पर तुरंत जवाब दें।
30. अपरिहार्य कारणों (बंद, अत्यधिक गर्मी, ठंड आदि) से स्कूल बंद होने वाले दिनों में छात्रों की वर्चुअल कक्षाएँ हो सकती हैं।
31. अपने बच्चे की खूबियों को पहचानें। अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और उनकी कमज़ोरियों को दूर करने में उनकी सहायता करें।
32. अपने बच्चों को सरल और मिलनसार बनाएँ। बच्चे के जन्मदिन पर उसे अपने सहपाठियों और शिक्षकों के लिए टॉफी भेजें, या आप एक पौधा भी भेज सकते हैं जो स्कूल में लगाया जाएगा। कृपया शिक्षकों और सहपाठियों के लिए कोई उपहार न भेजें।
33. बच्चों के सामने स्कूल, शिक्षकों अथवा स्कूल प्रबंधन की आलोचना न करें, बल्कि सकारात्मक सोच के साथ बच्चों की सफलता के लिए मंच तैयार करें।
34. कृपया सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा स्कूल परिसर में कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट तथा महँगा आभूषण न लाए।
35. अपने बच्चे को किसी भी प्रकार की धारदार वस्तु जैसे– शार्पनर, ब्लेड, कैंची, चाकू इत्यादि लाने की अनुमति न दें।
36. कक्षा **(III-V) :** कृपया यह सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा अकादमी के लिए निर्धारित दिन के सिवाय अन्य किसी भी दिन खेल उपकरण साथ न लाए।
37. आपके विचार हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। अपने बच्चे की पढ़ाई से संबंधित कोई भी विचार स्कूल डायरी के माध्यम से हम तक पहुँचाएँ। आप किसी भी बुधवार (7:30 am to 8:30 am) को क्लास टीचर से मिलने आ सकते हैं।
38. आप रिसेप्शन (**9507035717, 9507035987**) पर फोन करके अथवा इमेल (<u>info@sbpsranchi.com</u>) के माध्यम से भी अपने विचार स्कूल तक पहुँचा सकते हैं।
39. जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से आप अपने बच्चे के बस की यथापूर्व स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसका पूर्ण विवरण दिए गए प्रवेश किट में भी प्रदान किया जाएगा।
40. विद्यालय द्वारा छात्रों के लिए चाईल्ड ऐप- **'गवAAक्ष'** उपलब्ध कराया गया है जिसके द्वारा आप अपने बच्चे से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अंतर्गत शुल्क भुगतान तथा प्रोफाइल की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गवाक्ष ऐप डाउनलोड करने के लिए कृपया स्कूल की वेबसाइट **<u>www.sbpsranchi.com</u>** पर जाएँ।

**प्राचार्या**